<u>संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा दिनांक 26/02/2020 मंगलवार वडोदरा विमानक्षेत्र के राजभाषा संबंधी निरीक्षण की रिपोर्ट</u>

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति की संयोजक प्रो रीता बहुगुणा जोशी की अध्यक्षता में संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति के सदस्यों श्री प्रदीप टम्टा, श्री सुशील कुमार गुप्ता तथा श्रीमती रंजनबेन डी भट्ट,श्री कमलस्वरूप, अनुसंधान अधिकारी ,श्री किरन पाल सिंह,वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक श्री बी एल मीणा ने दिनांक 26/02/2020 मंगलवार को वडोदरा विमानक्षेत्र के राजभाषा संबंधी कार्यों / गतिविधियों का निरीक्षण किया । इस निरीक्षण के दौरान उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी सदस्य (मानव संसाधन) श्री अनुज अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) जी.के.गोयल, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक(पश्चिमी क्षेत्र)श्री ग.चन्द्रमौली महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती माया लवानिया, विमानपत्तन निदेशक वडोदरा विमानक्षेत्र श्री चरण सिंह , संयुक्त महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री संजीव कुमार सहायक महाप्रबन्धक श्रीमती उषा जयकुमार ने सक्रिय रूप से भाग लिया ।

सर्वप्रथम 26/02/2020 मंगलवार को उपसमिति द्वारा कार्यालय द्वारा लगाई गई राजभाषा प्रदर्शनी को देखा जिसमें भाविप्रा द्वारा हिन्दी में किए गए काम दर्शाए गए थे जिसमें फाइल ,रजिस्टर, मोहरें , सेवा पुस्तिकाएँ अन्य दस्तावेजों के साथ रखी गई थी समिति सदस्यों ने रुचि लेकर प्रदर्शित दस्तावेजों को देखा और उनसे संबन्धित प्रश्न भी उठाए जिसका भाविप्रा प्रतिनिधि द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया ।

संसदीय समिति निरीक्षण के दूसरे चरण में सेंसदीय प्रश्नावली में जो जानकारी प्रदान की गई थी उससे संबन्धित प्रश्नोत्तर सत्र था इस सत्र का प्रारम्भ माननीय संसद सदस्यों की अनुमति से सदस्यों के सदस्य (मानव संसाधन) व विमानपत्तन निदेशक द्वारा विधिवत स्वागत के साथ हुआ । इस सत्र में जिसमें समिति के सदस्य व मंत्रालय व भाविप्रा के सदस्य आमने सामने बैठे तथा माननीय संसद सदस्यों द्वारा राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम 2019-2020 के लक्ष्यों व अन्य कमियों की ओर कार्यालय को ध्यान देने की सलाह दी गई । भाविप्रा के प्रतिनिधियों ने अपने- अपने स्तर पर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।

इस सत्र के समापन पर विमानपत्तन निदेशक महोदय को राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम की एक प्रति ,एक पत्र व ध्यान देने योग्य बातों की एक सूची प्रदान की गई ।

(चरण सिंह)
विमानपत्तन निदेशक, वडोदरा